शुद्विपत्र

पत्रांक 76 /जि0वि0से0प्रा0/गोरखपुर/दिनांक 11 /03/2026

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक संख्या 3448/एसएलएसए–99/2019 दिनांकित 07.11.2025 व पत्रांक संख्या 3606/एसएलएसए– 99/2019 दिनांक 21.11.2025 के माध्यम से माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद गोरखपुर में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में 01 असिस्टेंट लीगड डिफेन्स काउन्सिल के पद पर नियुक्ति किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में निम्नलिखित पद पर रखे जाने हेतु निर्धारित योग्यता प्राप्त भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र दिनांक 26.02.2026 को आमंत्रित किये गये जिनको संविदा के आधार पर 02 वर्ष के लिए कार्य प्रदर्शन को दृष्टिगत रखते हुए रखा जायेगा। उनकी संविदावधि उनके कार्य प्रदर्शन के आधार पर वर्षानुवर्ष बढ़ाई जा सकती है। विज्ञप्ति पदों का विवरण तालिका में अंकित है।

क्रम सं0	पद का नाम	पद की संख्या
1	असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल	01

दिनांक 28.02.2026 से 05.03.2026 तक लगातार होली एवं स्थानीय अवकाश के कारण असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु सूक्ष्म संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, इस कारण से माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 23.03.2026 तक बढ़ाई जा रही है।

अतः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर के विस्तृत विज्ञापन में दी गयी पात्रता/योग्यता पूर्ण करने वाले व्यक्ति निर्धारित आवेदन प्रारुप पर समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए अपने आवेदन–पत्र किसी भी कार्यदिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर के कार्यालय में दिनांक 23.03.2026 को सायंकाल 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा। उपर्युक्त के सम्बन्ध में विस्तृत/अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र के प्रारुप के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाइट व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं। पूर्व में पत्रांक संख्या 63/जि0वि0से0प्रा0/गोरखपुर/दिनांक 26.02.2026 के माध्यम से 01 असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल हेतु आवेदन किया गया था। उक्त पद हेतु जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया है, उन्हें इस विज्ञप्ति के माध्यम से असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल हेतु आमंत्रित आवेदन में दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नही है। उनके द्वारा पूर्व में भरे गये आवेदन पत्र को इस विज्ञप्ति में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

दिनांक– 11.03.2026
संलग्नकः– यथोक्त।

सचिव (पूर्णकालिक)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गोरखपुर।

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– विशेष कार्याधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को माननीय उच्च न्यायालय की आफिशियल वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

2– जिला सूचना अधिकारी, गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञंप्ति को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाएं।

3– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

4– जनपद न्यायालय, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

5– कलेक्ट्रेट गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

6– बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

7– वाह्य न्यायालय, बांसगांव के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

दिनांकः– 11.03.2026

11/03/2026

सचिव (पूर्णकालिक)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गोरखपुर।